DAINIK JAGRAN, 14/11/2014
MEDIA/LKO/0011

# किसान, उपभोक्ता दोनों का है ख्याल : मुख्यमंत्री



लोहिया संग्राहलय का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री अखिलेश यादव

- निर्माणाधीन सचिवालय और म्यूजियम का निरीक्षण किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ: मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि गन्ना किसानों और उपभोक्ता दोनों के हितों को ध्यान में रखकर गन्ना मूल्य घोषित किया गया है। हालांकि इसकी समीक्षा हो रही है। सभी पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर फैसला लिया जाएगा।

लखनऊ में चल रहे निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये बातें कहीं। बुधवार दोपहर मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अचानक विधानसभा मार्ग पर बन रहे मुख्यमंत्री सचिवालय का निरीक्षण करने पहुंचे, लेकिन वहां कोई बड़ा अधिकारी मौजूद नहीं था। यहां से उल्टे पैर लौटे मुख्यमंत्री गोमतीनगर में निर्माणाधीन लोहिया म्यूजियम का निरीक्षण करने पहुंच गये। निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि लोहिया के विचारों और उनकी यादों को संजोने के लिए अन्तरराष्ट्रीय स्तर का लोहिया म्यूजियम बनवाया जा रहा है। इस दौरान वहां नजर आए छात्र-छात्राओं से मुख्यमंत्री ने बातचीत भी की। वहां मौजूद अधिकारियों के मुताबिक मुख्यमंत्री ने छात्रों से पूछा कि सरकार कैसी चल रही है? छात्रों ने लैपटाप नहीं मिलने की शिकायत दर्ज करायी। बाद में गन्ना मूल्य पर पूछे गये सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के साथ उपभोक्ताओं के हित भी देखना सरकार काम है। चीनी भी महंगी नहीं हो और किसानों को वाजिब मूल्य मिले इसका प्रयास हो रहा है।

दैनिक जागरण P-7, 14/11/014